# डा0 भीमराव आंबेड़कर विश्वविद्यालय, आगरा
## (पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

**कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 23-05-2023 का कार्यवृत्त**

माननीय कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 23.05.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अतिथि गृह, खन्दारी परिसर, खन्दारी, आगरा में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुयेः-

| प्रो0 आशू रानी, कुलपति - अध्यक्ष | |
|---|---|
| 2. डॉ0 अंजू शर्मा | 3. प्रो0 रनवीर सिंह |
| 4. प्रो0 संजय चौधरी | 5. प्रो0 पी0के0 सिंह |
| 6. प्रो0 दीपमाला श्रीवास्तव | 7. डॉ0 एस0के0 जैन |
| 8. डॉ0 रंजीत भारती | 9. प्रो0 यशपाल सिंह |
| 10. प्रो0 सुकेश कुमार | 11. प्रो0 प्रीति जौहरी |
| 12. प्रो0 अजय त्यागी | 13. डॉ0 राधा रानी गुप्ता |
| 14. डॉ0 रोशन लाल | 15. डॉ0 जगदीश प्रसाद शर्मा |

डा विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव - सचिव

**बैठक में श्री सतेन्द्र कुमार, वित्त अधिकारी एवं डॉ0 ओम प्रकाश, परीक्षा नियत्रंक विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप उपस्थित रहे।**

सर्वप्रथम सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष से सदस्यों को सम्बोधित करने हेतु अनुरोध किया गया। अध्यक्ष महोदया द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए विश्वविद्यालय परिवार की ओर सभी को बधाई दी गई एवं **NEP-2020** की परीक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित कराये जाने से परिषद् को अवगत कराया। एम0बी0बी0एस0 एवं बी0ए0एम0एस0 की समस्याओं के निस्तारण के लिए परीक्षा नियंत्रक, कुलसचिव एवं Team को धन्यवाद दिया। ततपश्चात् सचिव द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

| | |
|---|---|
| **मद संख्या-1** | कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 24.11.2022 एवं 08.04.2023 के कार्यवृत्त सम्पुष्टि हेतु प्रस्तुत। **(संलग्नक-1)** |
| **निर्णयः-** | परिषद् द्वारा अपनी पूर्व बैठकों दिनांक 24.11.2022 एवं 08.04.2023 के कार्यवृत्तों को सम्पुष्टि प्रदान की गई। |
| **मद संख्या-2** | वित्त समिति की बैठक दिनांक 20.03.2023 एवं दिनांक 20.05.2023 की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक-2)** |
| **निर्णयः-** | वित्त अधिकारी द्वारा वित्त समिति की दिनांक 20.03.2023 एवं 20.05.2023 की संस्तुतियों को परिषद् के समक्ष पढकर सुनाया गया। परिषद् द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 20.03.2023 की संस्तुतियों का सर्वसम्मति से यथावत् अनुमोदन प्रदान किया गया एवं दिनांक 20.05.2023 के अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मद संख्या-5 पर माननीय परिषद् प्रो0 यशपाल सिंह द्वारा नोडल सेन्टरों पर कार्य करने वाले तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पारिश्रमिक बढाने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर निर्णय लिया गया कि उक्त के सम्बन्ध में समिति का गठन करने हेतु कुलपति जी को अधिकृत किया जाता है तथा बिन्दु संख्या-6 में माननीय परिषद् सदस्य प्रो0 यशपाल सिंह द्वारा कहा गया कि समन्वयक/उपसमन्वयकों को प्रदान किये जा रहे पारिश्रमिक को प्रतिदिन की दर से दिया जाना चाहिए। जबकि 66500/-रू के बाद उस पर Caping लगाई गई है। अध्यक्ष महोदया द्वारा कहा गया कि प्राचार्यो को दी जाने वाली राशि Honrrarium है न की पारिश्रमिक।<br>वित्त समिति की बैठक दिनांक 23.11.2022 में नोडल सह-समन्वयक का पारिश्रमिक रू 600/- प्रतिदिन की दर से 33% बढ़ाकर त्रुटिवश रू 698/- टंकित है को संशोधित करते हुये रू 800/- प्रतिदिन पढ़ा/समझा जाये।<br>उक्त संशोधन के साथ वित्त समिति की बैठक दिनांक 20.05.2023 की संस्तुतियों को अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| **मद संख्या-3** | परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 19.11.2022, 25.01.2023, 27.02.2023, 21.04.2023 एवं 20.05.2023 की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक-3)** |

| | |
|---|---|
| **निर्णयः-** | परीक्षा नियंत्रक द्वारा परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 19.11.2022, 25.01.2023, 27.02.2023, 21.04.2023 एवं 20.05.2023 की संस्तुतियों को परिषद् के समक्ष पढकर सुनाया गया एवं परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| **मद संख्या-4** | प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 20.05.2023 की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक-4)** |
| **निर्णयः-** | सचिव द्वारा प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 20.05.2023 की संस्तुतियों को विस्तृत रूप से सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर एडमिशन प्रक्रिया के सम्बन्ध में सदस्यों द्वारा आग्रह किया गया कि प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व नवीन प्रवेश प्रक्रिया का एक Demo सभी प्राचार्यो को दिया जाय। जिस पर अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा सहमति व्यक्त करते हुये प्रवेश समन्वयक, प्रो0 संजीव कुमार को ऑन-लाइन Demo कराये जाने हेतु कहा गया। तत्पश्चात् सर्वसम्मति से प्रवेश समिति की संस्तुतियों को अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| **मद संख्या-5** | आवासीय इकाई द्वारा निम्न संविदा शिक्षकों के त्यागपत्रों के सम्बन्ध में निर्गत कार्यालय आदेश से परिषद् को अवगत करानाः-<br>(i) कार्यालय आदेश संख्याःआर0डब्लू/71/23 दिनांक 18.03.2023 डॉ0 जयबीर सिंह (संविदा शिक्षक) एवं डॉ0 पूजा शर्मा (संविदा शिक्षिका) सहायक आचार्य, फार्मेसी विभाग, छलेसर परिसर आगरा के त्यागपत्र स्वीकृति।<br>(ii) कार्यालय आदेश संख्याःआर0डबलू/25/23 दिनांक 09.02.2023 श्री शैलेन्द्र सिंह संविदा शिक्षक, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आई0ई0टी0, खन्दारी परिसर, आगरा के त्यागपत्र की स्वीकृति।<br>(iii) कार्यालय आदेश संख्याःआर0डबलू/07/2023 दिनांक 10.01.2023 श्री मनीष गोकानी, Contractual (Short Term) गणित, गणित विभाग, बेसिक विज्ञान संस्थान, खन्दारी परिसर आगरा के त्यागपत्र दिनांक 02.01.2023 को स्वीकृत। **(संलग्नक-5)** |
| **निर्णयः-** | माननीय कार्य परिषद् संविदा शिक्षक डॉ0 जयवीर सिंह, डॉ पूजा शर्मा, श्री शैलेन्द्र सिंह एवं श्री मनीष गोकानी के त्यागपत्रों से अवगत हुई। |

| | |
|---|---|
| **मद संख्या-6** | डा0 रितेश कुमार, सहायक आचार्य, भाषा विज्ञान विभाग, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिन्दी एवं भाषा विज्ञान विद्यापीठ, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को Council of Strategic and Defense Delhi में कार्यभार ग्रहण करने हेतु विश्वविद्यालय परिनियमावली 2020-21 में बिन्दु संख्या-15.17 के अनुसार दिनांक 25.04.2023 से दिनांक 31.03.2025 तक लगभग 02 वर्ष के अवैतनिक अवकाश सम्बन्धी कार्यालय आदेश पंत्राक आर0डब्लू0/114/2023 दिनांक 24.04.2023 से परिषद् को अवगत कराना। **(संलग्नक-6)** |
| **निर्णयः-** | माननीय कार्य परिषद् उक्त से अवगत हुई। |
| **मद संख्या-7** | आवासीय इकाई द्वारा प्रभारी निदेशक एवं विभागाध्यक्ष के सम्बन्ध में निर्गत कार्यालय आदेश से परिषद् को अवगत कराना:-<br>(i) कार्यालय आदेश संख्याःआर0डब्लू/05/2023 दिनांक 09.01.2023 प्रो0 ब्रजेश रावत, वाणिज्य विभाग, सेठ पदम चन्द्र जैन संस्थान, खन्दारी, आगरा को अग्रिम आदेशों तक सेठ पदम चन्द्र जैन संस्थान, खन्दारी, आगरा का प्रभारी निदेशक नियुक्त किये जाने से अवगत कराना।<br>(ii) कार्यालय आदेश संख्याःआर0डब्लू/21/2023 दिनांक 28.01.2023 संकायाध्यक्ष, गृह विज्ञान संस्थान, खन्दारी, आगरा को दिनांक 30.01.2023 से दिनांक 29.01.2026 तक ई0सी0एस0 (गृह विज्ञान संस्थान) एवं प्रो0 देवेन्द्र कुमार को दिनांक 30.01.2023 से दिनांक 29.01.2026 तक रसायन विज्ञान विभाग का विभागाध्यक्ष नामित किये जाने से परिषद् को अवगत कराना। **(संलग्नक-7)** |
| **निर्णयः-** | माननीय कार्य परिषद् उक्त से अवगत हुई। |
| **मद संख्या-8** | आवासीय इकाई द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश संख्याःआर0डब्लू/04/2023 दिनांक 09.01.2023 डॉ0 अतुल माथुर, (संविदा शिक्षक) सेठ पदम चन्द्र जैन संस्थान, खन्दारी परिसर, आगरा की जन्मतिथि 10.01.1961 के आधार पर अधिवर्षिता आयु 62 वर्ष पूर्ण होने पर इनको दिनांक 09.01.2023 की अपरान्ह से सेवानिवृत्त किये जाने से अवगत कराना। **(संलग्नक-8)** |
| **निर्णयः-** | माननीय कार्य परिषद् डॉ0 अतुल माथुर, (संविदा शिक्षक) की सेवानिवृत्ति से अवगत हुई। |

| | |
|---|---|
| **मद संख्या-9** | डा0 मीनाक्षी चौधरी Computer Science, Contractual (Short Term) शिक्षिका को विश्वविद्यालय कम्प्यूटर केन्द्र पर एवं श्रीमती प्रतिभा रश्मि, Computer Science, Contractual (Short Term) शिक्षिका को कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, आई0ई0टी0, में शिक्षण कार्य प्रदान किये जाने सम्बन्धी आवासीय इकाई के कार्यालय ज्ञाप पंत्राक आर0डब्लू/03/2023 दिनांक 05.01.2023 से परिषद् को अवगत कराना। **(संलग्नक-9)** |
| **निर्णयः-** | माननीय कार्य परिषद् उक्त से अवगत हुई। |
| **मद संख्या-10** | पूर्व में दिनांक 15.03.2022 को आहूत हुई माननीय कार्य परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के तैयार किये गये कुलगीत से परिषद् को सादर अवगत कराना। **(संलग्नक-10)** |
| **निर्णयः-** | माननीय कार्य परिषद् उक्त से अवगत हुई। |
| **मद संख्या-11** | माननीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 20.02.2023 के क्रम में श्री स्वामीशरण, सेवानिवृत्त अधीक्षक को श्री शैलेन्द्र गुप्ता की तरह ही अनिन्तम पेंशन स्वीकृत Provisional Pension प्रदान किये जाने पर विचार। **(संलग्नक-11)** |
| **निर्णयः-** | उक्त प्रकरण पर माननीय कार्य परिषद् द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त श्री स्वामीशरण, सेवानिवृत्त अधीक्षक को सर्वसम्मति से 06-06 माह हेतु अनिन्तम पेंशन स्वीकृत किये जाने पर सहमति/अनुमति प्रदान की गयी। |
| **मद संख्या-12** | प्रशासन विभाग के कार्यालय आदेश संख्याः प्रशासन/1640/2023 दिनांक 20.03.2023 को निर्गत कार्यालय ज्ञाप 10 कार्मिकों को प्रधान सहायक से अधीक्षक पद पर, वरिष्ठ सहायक से प्रधान सहायक के पद पर तथा कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर 01 वर्ष के परीवीक्षाकाल पर प्रोन्नत किये जाने से परिषद् को अवगत कराना। **(संलग्नक-12)** |
| **निर्णयः-** | माननीय कार्य परिषद् उक्त से अवगत हुई। |
| **मद संख्या-13** | प्राचार्य, स्वामी पी0एन0 सरस्वती महाविद्यालय, सिद्ध का ऊसरा, घिरोर, मैनपुरी के पत्र दिनांक 28.06.2022 द्वारा की गयी प्रार्थना **"कोविड-19 के कारण सत्र 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में किसी भी छात्र ने Admssion नही लिया इस लिए दिनांक 08.06.2022 को प्रबन्ध कार्यकारिणी की मीटिंग में कालेज का संचालन(आगे के लिए) बन्द करने का निर्णय हुआ विषयक"** |

| | |
|---|---|
| | पत्र पर कार्यवाही करते हुए उक्त महाविद्यालय की बी0ए0 एवं बी0एस0सी0 पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता प्रत्याहरण किये जाने एवं प्राभूत राशि को बन्धक मुक्त किये जाने पर परिषद द्वारा विचार। **(संलग्नक-13)** |
| **निर्णयः-** | माननीय कार्य परिषद् द्वारा प्राचार्य, स्वामी पी0एन0 सरस्वती महाविद्यालय, सिद्ध का ऊसरा, घिरोर, मैनपुरी के अनुरोध पर विचार विमर्श करते हुये उक्त महाविद्यालय की बी0ए0 एवं बी0एस0सी0 पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता प्रत्याहरण किये जाने एवं प्राभूत राशि को बन्धक मुक्त किये जाने को अनुमोदन प्रदान किया। |
| **मद संख्या-14** | प्राचार्य, एन0एस0एस0 कालेज ऑफ एजूकेशन, छौली मथुरा के पत्र संख्या NSS/UNIV/0082/22 दिनांक 12.04.2022 **"प्रबन्धन/कम्प्यूटर विज्ञान/कला संकायान्तर्गत स्नातक स्तर पर बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम की सम्बद्धता बन्द करने तथा एफ0डी0आर0 वापस लेने"** विषयक पत्र पर विचार करते हुये उक्त कालेज की बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम सम्बद्धता प्रत्याहरण किये जाने एवं प्राभूत राशि को बन्धक मुक्त किये जाने पर परिषद द्वारा विचार। **(संलग्नक-14)** |
| **निर्णयः-** | माननीय कार्य परिषद् द्वारा प्राचार्य, एन0एस0एस0 कालेज ऑफ एजूकेशन, छौली मथुरा के अनुरोध पर विचार विमर्श करते हुये उक्त महाविद्यालय की बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता प्रत्याहरण किये जाने एवं प्राभूत राशि को बन्धक मुक्त किये जाने को अनुमोदन प्रदान किया। |
| **मद संख्या-15** | Guest Faculty के सम्बन्ध में दिनांक 06.04.2023 को आहूत हुई चयन समिति की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक-15)** |
| **निर्णयः-** | Guest Faculty के सम्बन्ध में दिनांक 06.04.2023 की संस्तुतियों के लिफाफे खोले गये एवं संस्तुतियों को सचिव द्वारा परिषद् के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। प्रकरण पर मा0 कार्य परिषद् द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया तथा विस्तृत चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया गया कि चूंकि शैक्षिक सत्र 2022-23 को समाप्त होने में बहुत कम समय शेष है। अतः शैक्षणिक एवं छात्र हित में इन चयनित अतिथि प्रवक्ताओं को शैक्षिक सत्र 2022-23 के साथ ही साथ शैक्षिक सत्र 2023-24 हेतु भी योजित कर लिया जाये, जिससे सत्र 2023-24 में किसी प्रकार की शैक्षणिक कठिनाई न हो। निम्न अभ्यर्थियों का चयन उनके नाम के सम्मुख विभाग में सत्र 2022-23 एवं सत्र 2023-24 के लिए किया गया:- |

## (A) Commerce

(i) Shikha Kannojia (Dau Dayal Institute of Vocational Education).

(ii) Pankaj Mahour (Pt. Deen Dayal Upadhyay Constituent Girls College, Farah, Mathura).

(iii) Nishant Chauhan (Dau Dayal Institute of Vocational Education).

(iv) Arti Mahour (Dau Dayal Institute of Vocational Education).

(v) Upasana (Dau Dayal Institute of Vocational Education).

**WAITING**

(i) Nidhi

## (B) Instrumentation/Optical Instrumentation

**N.F.S.**

## (C) Computer Science

(i) Naveen Kumar Gupta (Dau Dayal Institute of Vocational Education).

(ii) Anupama Paras (University Computer Centre).

(iii) Neetu Kabra (University Computer Centre).

## (D) Mathematics

(i) Ashish Misra (Dau Dayal Institute of Vocational Education).

## (E) Human Development and Family Studies

(i) Anupama Gupta (I.H.S.)

## (F) Hindi

(i) Amit Kumar Singh (K.M.I.)

(ii) Mohini Dayal (K.M.I.)

(iii) Rama (K.M.I.),

(iv) Vishal (Pt. Deen Dayal Upadhyay Constituent Girls College, Farah, Mathura).

**WAITING**

(i) Rajkumar

| | |
|---|---|
| मद संख्या-16 | Guest Faculty के Extesion के सम्बन्ध में नियमावली तैयार किये जाने पर विचार। |
| निर्णयः- | Guest Faculty के Extesion के सम्बन्ध में सभी सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया तथा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सत्र 2022-23 में योजित अतिथि प्रवक्ताओं की सेवायें सन्तोषजनक पाये जाने पर एवं **HEAD** की Recommendation पर अगले सत्र 2023-24 के लिए Extension प्रदान किया जाय। Extension के उपरान्त रिक्त सीटों पर नियमानुसार चयन प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। |
| मद संख्या-17 | विश्वविद्यालय के आवासीय इकाई द्वारा स्थायी रिक्त पदों पर पूर्व में विज्ञापित विज्ञापन के सम्बन्ध में विचार। |
| निर्णयः- | विश्वविद्यालय के आवासीय इकाई द्वारा स्थायी रिक्त पदों पर पूर्व में विज्ञापित पदों को पुनः इस संशोधन के साथ विज्ञापित किया जायेगा कि जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में आवेदन किया गया है, उन्हें पुनः आवेदन करना होगा। परन्तु उनसे आवेदन शुल्क नही लिया जायेगा। उनकी शुल्क की पुरानी रसीद ही मान्य होगी। आवेदन की प्रक्रिया ऑन-लाइन होगी। 30 जून, 2023 तक रिक्त हो रहे पदों को भी विज्ञापित किया जाये। उक्त निर्णय को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या-18 | डॉ0 नीता सिंह के संविदा Extesion से परिषद् को अवगत करना। (संलग्नक-16) |
| निर्णयः- | माननीय कार्य परिषद् डॉ नीता सिंह के एक वर्ष की सेवा विस्तार सम्बन्धी आदेश से अवगत हुई। |
| मद संख्या-19 | परिषद् द्वारा शैक्षणिक के स्थायी पदों के Resuffling (फेरबदल) पर विचार। |
| निर्णयः- | शैक्षणिक के स्थायी पदों के फेरबदल के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि Resuffling की प्रक्रिया को अपनाये जाते समय आवश्यकता एवं उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया जाये। अतः इस पर बहुत ही ध्यानपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है, जिसके लिए एक समिति गठित करने हेतु माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया। समिति की संस्तुतियों पर शासन से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त ही अग्रिम कार्यवाही की जाये। |

## कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 23.05.2023 का पूरक कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| मद संख्या-1 | श्री स्वामीशरण एवं श्री लक्ष्मण सिंह, प्रधान सहायक, जो कि एस0आई0टी लखनऊ की जाँच के दौरान निलम्बित हुये थे को निलम्बन अवधि वित्तीय हस्तपुस्तिका 8 के क्रम में जीवन निर्वाहन भत्ता 50 प्रतिशत से 75 प्रतिशत किये जाने पर विचार। (माननीय कार्यपरिषद् दिनांक 31.07.2019 में उल्लिखित है कि निलम्बन अवधि के वेतन का भुगतान नही किया जायेगा) **(संलग्नक-1)** |

| | |
|---|---|
| निर्णयः- | उक्त प्रकरण पर परिषद् द्वारा निम्न सदस्यों की समिति गठित कर प्रकरण का निस्तारण किये जाने का निर्णय लिया गयाः-<br>**1. माननीय कुलपति महोदया द्वारा नामित कार्य परिषद् सदस्य।**<br>**2. वित्त अधिकारी।**<br>**3. सहायक कुलसचिव प्रशासन(संयोजक)।** |
| **मद संख्या-2** | श्री सतेन्द्र पाल सिंह, प्रधान सहायक जो कि एस0आई0टी0 लखनऊ की जाँच के दौरान निलम्बित हुये थे को निलम्बन अवधि वित्तीय हस्तपुस्तिका 8 के क्रम में जीवन निर्वाहन भत्ता 50 प्रतिशत से 75 प्रतिशत किये जाने पर विचार। (माननीय कार्यपरिषद् दिनांक 22.10.2018 में उल्लिखित है कि निलम्बन अवधि के वेतन का भुगतान नही किया जायेगा) **(संलग्नक-2)** |
| **निर्णयः-** | उक्त प्रकरण का निस्तारण हेतु अर्हता के सम्बन्ध में भी पूरक कार्यवृत्त के मद संख्या-1 में गठित समिति द्वारा ही किया जायेगा। |
| **मद संख्या-3** | प्रो0 हरिमोहन शर्मा को अनन्तिम पेंशन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में। **(संलग्नक-3)** |
| **निर्णयः-** | प्रो0 हरिमोहन शर्मा को 6-6 महीने की अनन्तिम पेंशन दिये जाने का निर्णय लिया गया, परन्तु यह भी निर्णय लिया गया कि Previous Pension के एरियर का भुगतान नही किया जायेगा। उक्त निर्णय पर परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मद** | |
| **मद संख्या-1** | शासन के पत्र संख्या 3397/सत्तर-01-2022-16(24)/2022 उच्च शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 17 जनवरी, 2023 के क्रम में में वर्ष 2022 की मुख्य परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण के सम्बन्ध में समस्त बिन्दुओं की जाँच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा निम्नवत् समिति गठित की गयी थीः-<br>1. प्रो0 विनीत सिंह, सांख्यिकी विभाग, आई0एस0एस0, पालीवाल पार्क, आगरा।<br>2. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, निदेशक, आई0ई0टी0, खन्दारी, आगरा।<br>3. प्रो0 देवेन्द्र कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, बेसिक विज्ञान संस्थान, खन्दारी, आगरा। |

| | |
|---|---|
| | समिति की आख्या निम्नवत् हैः-<br>"विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण की समिति मा0 कुलपति जी के अनुमोदन से बनायी जाती है। उस समय इस समिति में निम्नलिखित सदस्य थेः-<br>1. डीन अकेडमिक।<br>2. निदेशक(कॉलेज विकास परिषद्)।<br>3. परीक्षा नियंत्रक।<br>समिति द्वारा परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण के पश्चात् सम्पूर्ण सूची अनुमोदनार्थ मा0 कुलपति जी के माध्यम से परीक्षा समिति को प्रेषित की जाती है। परीक्षा समिति द्वारा जिसके कि सचिव परीक्षा नियन्त्रक होते है, से परीक्षा केन्द्रों निर्धारण का अनुमोदन होता है। परीक्षा नियन्त्रक जी द्वारा दिनांक 09-11-2022 को पत्रांक संख्याःसीओई/720/2022 द्वारा अपर नगर मैजिस्ट्रेट प्रथम आगरा को सभी सूचनाओं से अवगत करा दिया गया था।<br>परीक्षा समिति की सभी संस्तुतियाँ विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् से अनुमोदित होती है। अतः पंत्राक संख्या 3397/सत्तर-01-2022-16(24)/2022 के उल्लेख में यह बताना आवश्यक है कि, केन्द्र निर्धारण समिति के सदस्यों को प्रश्नगत प्रकरण में दोषी माना जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।" |
| निर्णयः- | मा0 कार्य परिषद् में प्रकरण पर विस्तृत चर्चा की। समस्त बिन्दुओं पर कुलपति द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि परीक्षा के दौरान जो भी समस्या/शिकायतें प्राप्त हुई, उसका तत्समय निराकरण भी कराया गया तथा परीक्षा के दौरान शुचिता बनाये रखने हेतु केन्द्रों को भी बदला गया। परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त इस प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई।<br>माननीय कार्य परिषद् द्वारा सर्व सम्मति से समिति की आख्या को अनुमोदन प्रदान किया गया। |

मा0 कार्य परिषद् सदस्य डा0 रोशन लाल ने कहा कि कभी कभी शैक्षणिक उन्नयन, NEP एवं NAAC के लिए कार्यपरिषद् की बैठक आहूत की जाये।

माननीय अध्यक्ष महोदया ने सदन को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के NAAC के Inspection की तैयारी चल रही है। जिसके लिए गणित विभाग को **Nodel Center** बनाया गया है। जिसमें दिन प्रतिदिन की तैयारी को अपडेट कर Computer पर Upload किया जाता है, जिससे कि एक ही स्थान से सारी जानकारी प्राप्त हो सकें। कुलपति ने यह भी मा0 परिषद् को अवगत कराया गया कि सत्र 2024-25 से बीएएलएलबी तथा सत्र 2023-24 से बीएससी(कृषि) पाठ्यक्रम को परिसर में संचालित किये जाने पर विचार किया जा रहा है। जिस पर मा0 कार्य परिषद् द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु माननीय कुलपति जी को अधिकृत किये जाने को अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त में सचिव द्वारा धन्यवाद के साथ बैठक के समापन की घोषणा की गई।

**कुलसचिव** | **कुलपति**